रजि. नं. – 118 / 2009–10 ।। श्री सर्वेश्वरो विजयते ।। मो० – 94133.58677, 9414686777

निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा (राज.)

प्रधान कार्यालय – "संस्कृत भवनम्" सी –221, कुम्भा सर्कल के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा (राज0)

क्रमांकः नि.वै.सं.स. / 39 दिनांकः 01.09.2012

माननीय श्री बृजकिशोर जी शर्मा महोदय,
शिक्षा मन्त्री राजस्थान सरकार
जयपुर (राज.)

विषय – **प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले राज्य एवं मण्डल स्तरीय संस्कृत वाङ्मय पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में माध्य0 शिक्षा / प्रारम्भिक शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा विभाग के वरियता प्राप्त आमन्त्रित / सम्मानित छात्रों / शिक्षकों / अधिकारियों / कर्मचारियों के उपस्थित होने के कम में।**

महोदय,

विषयान्तर्गत निवेदन है कि भारतीय संस्कृति, प्राचीन संस्कृत साहित्य के संरक्षणार्थ एवं संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसारार्थ जन आन्दोलन के रूप में सन्त महापुरुषों के आशीर्वाद एवं सुनियोजित मार्गदर्शन में *निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा (राज.)* द्वारा प्रतिवर्ष **प्रारम्भिक शिक्षा / माध्यमिक शिक्षा / संस्कृत शिक्षा विभाग में** जिला / मण्डल / राज्य स्तर पर स्तर पर **संस्कृत वाङ्मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं विभिन्न प्रकार के शैक्षिक कार्यक्रमों** का आयोजन कराया जाता है।

संस्था द्वारा संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार में उल्लेखनीय योगदान एवं प्रतियोगिता में जिला, मण्डल एवं राज्य स्तर पर वरीयता प्राप्त छात्रों एवं सक्रिय सहयोग प्रदान करने वाले शिक्षकों, अधिकारियों, कार्यकर्ताओं को आमन्त्रित कर प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाता है। सन्त महापुरुषों के आशीर्वाद से संचालित इस कार्यकम में उपस्थित होने वाले छात्र–छात्राओं एवं आगत महानुभाओं के आवास, भोजन व्यवस्था संस्था द्वारा निःशुल्क की जाती है।

अतः श्रीमान् से निवेदन है कि संस्कृत भाषा के प्रचार प्रासारार्थ *निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा (राज.)* द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित **जिला / मण्डल / राज्यस्तरीय समारोह में उपस्थित होने हेतु निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा / माध्यमिक शिक्षा / संस्कृत शिक्षा** के माध्यम से अधीनस्थ संचालित समस्त विद्यालयों हेतु निर्देश परिपत्र जारी करने की कृपा करावें कि संस्था द्वारा आयोजित **जिला / मण्डल एवं राज्य स्तरीय संस्कृत वाङ्मय पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में आमन्त्रित पुरस्कृत छात्र / छात्रा / शिक्षक / अधिकारी / कर्मचारी प्रतिवर्ष भाग लेवें।**

यह संस्था भारत सरकार के आयकर विभाग 1961 की धारा 12 एए व 80 जी के अन्तर्गत अनुमोदित है।

आशा है कि देववाणी संस्कृत भाषा के प्रचार – प्रसार के इस पावन पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान करेंगें।

प्रदेशाध्यक्ष
(रामेश्वर प्रसाद शर्मा)